**Ease of Doing Business अन्तर्गत राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 04–07–2017 को आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड, देहरादून की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी बैठक का कार्यवृत्त :–**

**उपस्थिति :–**

1. श्रीमती विप्रा त्रिवेदी, उप राजस्व आयुक्त (भूमि व्यवस्था), राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड।
2. श्रीमती सोनिया पन्त, प्र0 उप राजस्व आयुक्त (भूमि व्यवस्था), राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड।
3. श्री अरविन्द पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (प्रशा0), देहरादून।
4. श्री मदन मोहन, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0।
5. श्री राकेश शर्मा, वैज्ञानिक, एन0आई0सी0।
6. श्री सुरेश, ई–डिस्ट्रक्ट मैनेजर, जनपद देहरादून।
7. श्री कान्हन विजय, प्रोजेक्ट मैनेजर, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस।

––0000––

सर्वप्रथम आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् द्वारा बैठक में प्रतिभाग हेतु उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रभारी उप राजस्व आयुक्त (भू0व्य0), राजस्व परिषद् द्वारा पूर्व में सम्पन्न हुए प्रदर्शन (Demo) सम्बन्धी बैठकों में क्रमशः राजस्व वसूली की ऑनलाईन फाईलिंग एवं धारा 143 जेड0ए0 एवं धारा 154 जेड0ए0 अन्तर्गत होने वाले कार्यों को ऑनलाईन किये जाने हेतु एन0आई0सी0 द्वारा तैयार की जा रही वेब एप्लीकेशन में दिये गये सुझावों एवं निर्देशों के सम्बन्ध में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् को अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् द्वारा तकनीकी निदेशक एन0आई0सी0 को परिषद् स्तर से जारी सुझावों एवं निर्देशों के अनुपालन की आख्या शीघ्र ही परिषद् को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी।

उक्त के अतिरिक्त बैठक में निम्नवत् बिन्दुओं पर चर्चा की गयी:–

2. ई–डिस्ट्रिक्ट परियोजना अन्तर्गत राजस्व विभाग के अधीनस्थ न्यायालयों हेतु सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन के माध्यम से तैयार ऑनलाईन एप्लीकेशन की अद्यावधिक स्थिति के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इस सम्बन्ध में तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि वर्णित एप्लीकेशन को जनपद देहरादून में पॉयलट आधार पर सफलतापूर्वक कियान्वित किया जा चुका है, जिसका यू0ए0टी0 (User Acceptance Test) विभाग द्वारा एन0आई0सी0 के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराया जाना है। इस सम्बन्ध में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्रशा0), देहरादून एवं ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, देहरादून को वर्णित एप्लीकेशन के जनपद में सफल कियान्वयन के आधार पर यू0ए0टी0 एन0आई0सी0 के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। ताकि तद्नुसार वर्णित एप्लीकेशन को पूरे प्रदेश में लागू किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

**(कार्यवाही–अपर जिलाधिकारी, देहरादून / ई–डिस्ट्रिक मैनेजर / तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0)**

3. धारा 143 जेड0ए0 के अन्तर्गत तैयार की जा रही एप्लीकेशन के सम्बन्ध में तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि एप्लीकेशन के कियान्वयन के सम्बन्ध में जारी परिषदादेश के कम में आतिथि तक 13 जनपद स्तरीय सुपर यूजर के अधीन कुल 43 तहसील स्तरीय यूजर बनाये जा चुके हैं। इस सम्बन्ध में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् द्वारा प्रभारी उप राजस्व आयुक्त एवं तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 को नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करने हेतु निर्देश दिये गये तथा सभी जिलाधिकारियों को इसे लागू करने हेतु पत्र प्रेषित किया जाए, ताकि वर्णित एप्लीकेशन को सम्पूर्ण प्रदेश में कियान्वित किया जा सके।

**(कार्यवाही– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड / तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 / प्र0उप राजस्व आयुक्त, राजस्व परिषद्)**

4. धारा 154 जेड0ए0 के अन्तर्गत तैयार की जा रही वेब एप्लीकेशन के सम्बन्ध में पूर्व में सम्पन्न हुयी प्रदर्शन सम्बन्धी बैठक में दिये गये सुझावों एवं निर्देशों के कम में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् द्वारा तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 को निर्देश दिये गये कि वह वर्णित एप्लीकेशन में परिषद् स्तर से दिये गये सुझावों एवं निर्देशों को एप्लीकेशन में समायोजित करने उपरान्त अपर जिलाधिकारी, देहरादून के समक्ष प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। अपर जिलाधिकारी, देहरादून द्वारा एप्लीकेशन को सम्पूर्ण प्रदेश स्तर पर कियान्वित करवाये जाने हेतु यू0ए0टी0 निर्गत करने सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी।

**(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, देहरादून/तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0/प्र0उप राजस्व आयुक्त, राजस्व परिषद्)**

5. ऑनलाईन भूलेख सॉफ्टवेयर के सम्बन्ध में बैठक में चर्चा के दौरान आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् द्वारा तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 से अपेक्षा की गई कि वह वर्णित सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन (Demo) अपर जिलाधिकारी, देहरादून के समक्ष करने उपरान्त प्रदर्शन में प्राप्त सुझावों/फीडबैक को सॉफ्टवेयर में सम्मिलित करेंगे। तदुपरान्त अपर जिलाधिकारी, देहरादून वर्णित सॉफ्टवेयर का यू0ए0टी0 एन0आई0सी0 को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

**(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, देहरादून/तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0)**

अन्त में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद् उत्तराखण्ड द्वारा बैठक में प्रतिभागी अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का विसर्जन किया गया।

(सुरेन्द्र नारायण पाण्डे) 11.07.2017
आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

# राजस्व परिषद् उत्तराखण्ड, देहरादून

संख्या:–1997/रा0प0/2017–18,
दिनांक: 13 जुलाई, 2017

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव, मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद्, उत्तराखण्ड, देहरादून को मा0 अध्यक्ष के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. प्रमुख सचिव, उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास विभाग, देहरादून।
3. सचिव, उत्तराखण्ड शासन, राजस्व विभाग, देहरादून।
4. आयुक्त, कुमायूँ मण्डल नैनीताल/गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), देहरादून।
7. स्टॉफ ऑफिसर/प्रभारी उप राजस्व आयुक्त (भू0व्य0) राजस्व परिषद् उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, राजस्व परिषद् उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. श्री राजीव लखेड़ा, वैज्ञानिक–सी, एन0आई0सी0 देहरादून।
10. श्री सुरेश, ई–डिस्ट्रक्ट मैनेजर, जनपद देहरादून।
11. श्री कान्हन विजय, प्रोजेक्ट मैनेजर, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस।
12. गार्ड फाईल/कार्यालय प्रति।

आज्ञा से,

(सोनिया पन्त)
प्रभारी उप राजस्व आयुक्त (भू0व्य0)